तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **शैतान सिंह बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (सहायक कलक्टर कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट–ट्रेक), जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 166/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13–12–24	अपीलार्थी शैतान सिंह निवासी प्लॉट नं. 15, गोपालवाडी, होटल गढ़, गोविन्द, चौपासनी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 14/10/2024 में ओरण भूमि में बनवाये गये आर.ओ. प्लांट की जिला स्तरीय टीम गठित कर जांच करवाने व ओरण भूमि से कब्जा हटवाने बाबत दिये गये पत्र पर की गई सम्पूर्ण कार्यवाही की सम्पूर्ण पत्रावली की प्रमाणित प्रति से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (सहायक कलक्टर कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट–ट्रेक), जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (सहायक कलक्टर कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट–ट्रेक), जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (सहायक कलक्टर कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट–ट्रेक), जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (सहायक कलक्टर कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट–ट्रेक), जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर–ग्रामीण	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.1? 18:03:18 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12439439